
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 27.12.2021 से 01.01.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## किसान समृद्धि शिविर
(दिनांक 27.12.21)



**विषय: किसान समृद्धि शिविर।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल में करीब साढे 5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पैक हाऊस व किसान समृद्धि शिविर का किया उद्‌घाटन किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैक हाऊस बनने से किसानों की टमाटर, करेला, घीया व भिण्डी जैसी सब्जियां लम्बे समय तक खराब नहीं होंगी साथ ही इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी भी होगी। इस पैक हॉउस में सब्जियां लम्बे समय तक स्टोर की जा सकेंगी जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा मिल सकेगा। मुख्यमंत्री जी ने एकीकृत पैक हाऊस का निर्माण करने वाले एफ.पी.ओ. व किसान भाईयों को बधाई भी दी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के मकसद से कृषि विविधिकरण और किसानों को प्रोत्साहित करने में यह पैक हाऊस महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। प्रदेश का यह 7वां पैक हाऊस है जिसके लिए सरकार ने साढ़े 5 करोड़ रुपये का ऋण दिया है जिस पर लगभग 4 करोड़ रुपये की सब्सिडी मिल जाएगी।

हरियाणा सरकार द्वारा छोटे किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए भी इस प्रकार के ऋण दिए जा रहे हैं जिन पर भारी सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस प्रकार के 50 और पैक हाऊस एवं फसल समूह केन्द्रों की स्थापना की जाएगी जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। राज्य के किसानों को इस तरह के पैक हाऊस बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए 70 से 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है जिससे उन्हें और अधिक सश्क्त होने में सहायता मिलती है।

पैक हाऊस से न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी बल्कि श्रमिकों को रोजगार भी मिलेगा और क्षेत्र का विकास भी होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सभी ADC के साथ परिवार पहचान और अन्त्योदय योजना की समीक्षा

(दिनांक 27.12.21)



**विषय: सभी ADC के साथ परिवार पहचान और अन्त्योदय योजना की समीक्षा।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों के साथ बैठक कर परिवार पहचान पत्र और अन्त्योदय योजना की समीक्षा की जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमे माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीबों की आय बढ़ाने के लिए जल्द लाई जाएंगी स्कीमें शुरू की जायँगी साथ ही प्रदेशभर में 7 जनवरी से अंत्योदय मेलों का दूसरा चरण शुरू कर दिया जायेगा।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने सभी ADC को 134–ए के लिए इनकम वैरिफिकेशन जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश भी दिए ताकि गरीब बच्चो के एडमिशन में कोई दिक्कत न आये।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला उपायुक्तों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र की तारीफ न केवल प्रदेश में हो रही है बल्कि देशभर में इसकी चर्चा की जा रही है। दूसरे प्रदेशों से लोग इस पैटर्न का अध्ययन करने के लिए आ रहे हैं। सभी एडीसी को संवेदनशीलता के साथ इस काम को पूरा करना चाहिए। सभी का लक्ष्य गरीब और जरूरतमंद परिवार को आगे बढ़ाना है। इससे जुड़े अलग–अलग आइडिया पर काम करना चाहिए ताकि समयबद्ध तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। हमें पूरे जिले को आत्मनिर्भर बनाना है, युवाओं को नौकरी की तरफ नहीं बल्कि रोजगार की तरफ लेकर जाना है ताकि वे नौकरी लेने वालों की बजाए, नौकरी देने वालों की कतार में हों।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के तीसरे चरण का काम पूरा हो गया है। चौथे चरण का काम जल्द शुरू हो जाएगा। आने वाले दिनों में बहुत सी योजनाओं का लाभ इसके माध्यम से मिलने लगेगा। इस काम में हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 55 साल से ऊपर है और अपना काम करना चाहते हैं, उनके लिए भी किसी स्कीम में विशेष प्रावधान किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भविश्य में हायर एजुकेशन में सामाजिक कार्यों के नंबर भी जोड़े जायँगे। विद्यार्थियों में



# साप्ताहिक सूचना पत्र

सामाजिक सेवा व पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक विशयों पर भावना जागृत करने के लिए हायर एजुकेशन विभाग को कदम बढ़ाना चाहिए। भविष्य में ऐसे प्रावधान किए जाएंगे कि कॉलेज व विश्वविद्यालयों में स्वच्छता, पेड़ लगाना, सफाई अभियान व सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के नंबर दिए जाएं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने जिला उपायुक्तों को समर्पण पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करवाने पर बल देने को कहा। उन्होंने कहा कि हर जिले में सेना एवं सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों की बड़ी संख्या है। ऐसे लोगों को सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए समर्पण पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिला उपायुक्तों को इन लोगों से बैठक कर संपर्क स्थापित करना चाहिए।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने ADC को मेरी फसल मेरा ब्यौरा के लिए गांवों में जाकर कैम्प लगाने कैंप के लिए कहा जिससे कि 100 प्रतिशत भूमि की मैपिंग का कार्य भी हो जाएगा।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने जानकारी भी दी कि जल्द ही मॉडल संस्कृति स्कूलो कि संख्या और भी बढ़ाई जायेगी।

## आंगनवाड़ी वर्कर के साथ बैठक

(दिनांक 29.12.21)






**विषय: आंगनवाड़ी वर्कर के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऑगनवाडी वर्कर के प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात कर उनकी मांगों को सुना और उनका समाधान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की जिसमे मुख्यरूप से

- आंगनवाड़ी वर्कर्स को रिटायरमेंट पर मिलेंगे एक लाख रुपये और हेल्पर को 50 हजार रुपये की राशि, 31 दिसम्बर, 2021 से रिटायर होने वालों को सरकार की और से दी जायेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- आंगनबाड़ी वर्कर्स के मानदेय में सितंबर 2020 से 400 रुपये और सितंबर 2021 से 450 रुपये की बढ़ोतरी करते हुए कुल 850 रुपये बढ़ा दिए जायँगे।
- मानदेय में वर्ष 2019–20 और 2020–21 दो साल का एरियर भी दे दिया जायेगा।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना होने की स्थिति में 2 लाख रुपये की राशि दी जायेगी।
- सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया पीडब्ल्यूडी से समीक्षा के बाद पंचायत या यूएलबी द्वारा दिया जाएगा।
- आंगनवाड़ी वर्कर्स को लिखित परीक्षा के माध्यम से सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति हेतु पॉलिसी लाई जाएगी
- सभी आंगनवाड़ी वर्कर्स को कोविड–19 के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में काम करने के लिए 1000–1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर को नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है।
इसके साथ ही आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का आभार भी जताया। आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की इन घोषणाओं से प्रदेश में हजारों आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर के परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और वे इसी तरह जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी।


## बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 30.12.21)

**विषय: बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमन जी की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व चर्चा में भाग लिया और हरियाणा के वित्तीय रोडमेप और हरियाणा से संबंधित सुझावों को रखा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना में भी प्रदेश सरकार ने वित्तीय प्रबंधन बनाए रखा और व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया। मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय वित्तमंत्री से प्री–बजट बैठक में प्रदेश से जुड़ी कई अहम मांगें भी रखी जिसमें

- एनसीआर प्लॉनिंग बोर्ड में 2.75 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिए जाने
- जीएसटी के लिए हाईब्रेड मॉडल बनाए जाने जिसमें खपत के साथ–साथ उत्पादन शेयर भी सम्मलित किया जाए ताकि उत्पादन करने वाले राज्यों में रोजगार के अवसर को बढ़ावा मिले।
- राखीगढ़ी के लिए अलग से बजट का प्रावधान करने
- मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में बड़ी संख्या में लोगों को मुद्रा स्कीम के माध्यम से ऋण मिल रहा है। इसमें ब्याज माफी की योजना बनाई जाए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- एफपीओ के लिए ऋण की सीमा फिलहाल 2 करोड़ रुपये है, इसे बढ़ाना चाहिए, ताकि प्रदेश में बड़े फूड प्रोसेसिंग के प्रोजेक्ट लगाए जा सकें।
- एमएसएमई के विस्तार को एक्सपोर्ट के लिए सब्सिडी का निर्धारण किया जाए। इसके साथ–साथ कंटेनर भी उपलब्ध करवाए जाने चाहिए, ताकि बंदरगाहों तक आसानी से सामान भेजा जा सके।
- राज्यों को 50 वर्ष के लिए बिना ब्याज के दिए जाने वाले कैपिटल एक्सपैंस की राशि को बढ़ाए जाने की मांग भी की गई है। साथ हरियाणा राज्य इसके तहत 5 हजार करोड़ रुपये दिए जाने की मांग रखी है।

इसके साथ ही मननीय मुख्यमंत्री जी ने बजट पूर्व चर्चा के लिए वित्तमंत्री जी का धन्यवाद किया और इसे एक सराहनीय कदम बताया।

## महिला पत्रकारों से संवाद


(दिनांक 30.12.21)

**विषय: महिला पत्रकारों से संवाद।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने इंडियन विमेन्स प्रेस कोर्प से जुड़ी महिला पत्रकारों से दिल्ली में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जज ने कहा कि महिला शिक्षा और सुरक्षा को लेकर सरकार ने अहम कदम उठाए है। हरियाणा पुलिस में भी महिलाओं के लिए अलग से भर्ती शुरू की गई है।

खाप पंचायतों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खाप पंचायतों का अपना एक सामाजिक महत्व है। और हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को आगे ले जाने और सफल बनाने में खाप पंचायतों का अहम योगदान रहा है। दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हुई इस मुलाकात में इंडियन विमेन्स प्रेस कोर्प से जुड़ी महिला पत्रकारों से मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के विकास, शिक्षा, राजनीति, सुरक्षा, पर्यटन से लेकर कोरोना पर नियंत्रण सहित विभिन्न मुद्दों पर खुल कर बात की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले सात साल में जितने नए महाविद्यालयों की आधारशिला प्रदेश में रखी गई है उनमें लगभग 70 प्रतिशत महाविद्यालय महिलाओं के लिए है। लिंगानुपात के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनवरी 2015 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा की धरती से 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू किया था





उस समय हरियाणा का लिंगानुपात 1000 लडकों पर 871 लड़कियों का था। इसके बाद प्रदेशवासियों के सहयोग से जन्म के समय लिंगानुपात 923 तक पहुंच गया। जिसे आने वाले वक्त में 950 करने का लक्ष्य रखा गया है।

किसान आन्दोलन पर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि आन्दोलन के दौरान किसानों पर बने मुकदमों को वापस लिया जा रहा है लेकिन इनमें हत्या और बलात्कार के मामलें शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि कृषि कानून किसानों की बेहतरी के लिए थे। लेकिन उन कानूनों के फायदे सही ढंग से समझा नहीं पाए इसलिए मोदी जी ने इन कानूनों को वापस लेने का फैसला लिया और इससे मोदी जी का कद बढ़ा है।

जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि वे चुनाव में अपनी सरकार का सबसे मजबूत मुद्दा क्या मानते हैं, तो उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और प्रदेश की जनता में जो संदेश जाना चाहिए कि सरकार उनके लिए काम कर रही है, वह उन तक चला गया है। उन्होंने लाल डोरा खत्म करने, रिवाड़ी जिला में एम्स की स्थापना, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर खुलकर अपने विचार रखे। गुरुग्राम में नमाज के विशय को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति अपने धर्म के अनुसार निर्धारित स्थान पर पूजा पाठ कर सकता है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर जिससे किसी और को भी तकलीफ हो तो वह उचित नही है।

## दैनिक जागरण कॉफी टेबल बुक का अनावरण

**(दिनांक 30.12.21)**


**विषय: दैनिक जागरण कॉफी टेबल बुक का अनावरण।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में दैनिक जागरण समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉफी टेबल बुक का अनावरण किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगो को दी साथ ही आये हुए लोगो से संवाद कर उनके सवालों के जवाब भी दिए ।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आत्म निर्भरता के पांचों स्तंबो में हरियाणा अव्वल है। पिछले 7 वर्षों में प्रदेश को मिल चुके हैं 150 से ज्यादा अवार्ड अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृश्ट कार्य करने के लिए विभिन्न संस्थाओं से मिले है। हमने प्रदेश का निर्यात बढाकर 2 लाख करोड़ रूपए करने का लक्ष्य रखा है और साथ ही बाहर से एक लाख करोड़ रूपए का निवेश लाने का भी लक्ष्य रखा है।

इसके अलावा सरकार हर वर्ष पांच लाख व्यक्तियों को रोजगार से जोडने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत की पांच ट्रिलियन इकोनोमी करने का जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हमने अपने टारगेट तय कर लिए हैं। आत्म निर्भर हरियाणा और आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए हम प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को बढाएंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड की बैठक

(दिनांक 31.12.21)




**विषय: पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड की बैठक ली जिसमे प्रदूषण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री जी ने नदियों में प्रदूषण का पता लगाने हेतु जिला सीमाओं पर ऑनलाइन वॉटर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण को समाप्त करने के लिए जिलावार योजनाएं बनाई जाएं और जिन जिलों से यमुना और घग्गर नदियां गुजरती हैं उन जिलों में प्रवेश व निकासी सीमा पर नदियों के पानी के सैंपल एकत्रित किए जाएं ताकि जिस जिले में नदियों का पानी ज्यादा गंदा है, उसके अनुसार उस विशिष्ट जिले में अलग योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन सुनिष्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को

संबंधित विभागों के साथ मिलकर योजनाएं बनानी चाहियें। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि एनसीआर क्षेत्र और अन्य शहरों में सीएनजी व पीएनजी के कनेक्शन कहां – कहां मिल चुके हैं और आगामी कनेक्शन की प्रक्रिया की समय सीमा क्या है, इस पर भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का हस्तान्तरण

(दिनांक 01.01.22)



**विषय: प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का हस्तान्तरण।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 10 वी किस्त के हस्तांतरण के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में वीडीओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा प्राकृतिक खेती धीरे–धीरे समय की जरूरत बनती जा रही है। इस पद्घति से कम कृषि आदान व कम लागत के साथ किसान जैविक पैदावार बढ़ा सकता है और अपनी आय में भी वृद्घि कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसी विशेष क्षेत्र का चिन्हित करे और इस पर शीघ्र ही एक कार्यशाला का आयोजन करवाया जाए ताकि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे जानकारी दी जा सके। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश के 10 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 20 हजार करोड़ से अधिक की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दसवीं किश्त किसानों के खाते में सीधा हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, किसान उत्पादन समूह, आत्मनिर्भर किसान, जैविक उर्वरक की उत्पादकता तथा स्वस्थ धरती पर ध्यानकेन्द्रित किया।


## नववर्ष की शुभकामनाएं

(दिनांक 01.01.22)

**विषय: नववर्ष की शुभकामनाएं।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रदेशवासियों और वीर जवानों को नववर्ष 2022 की बधाई व शुभकामनाएंदी। आने वाला वर्ष सबके लिए मंगलमय हो और सबके परिवार में और अधिक सुख–समृद्धि लाए इसकी मंगलकामना भी की।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार का वर्ष 2022 को सुशासन अंत्योदय उत्थान वर्ष के रूप में मनाने के लिए कृत संकल्प है। आमजन को आह्वान करते हुए जन्होने कहा कि कोविड–19 वैश्विक महामारी से रहें सचेत, सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन अवष्य करें।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इसके साथ ही आज यहां जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नया उत्साह और नई उमंग लेकर आता है। नववर्ष नवसंकल्प लेने का अवसर होता है। वर्तमान राज्य सरकार ने भी वर्ष 2022 को सुशासन अंत्योदय उत्थान वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया है ताकि प्रदेश के गरीब से गरीब व्यक्ति का आर्थिक उत्थान कर उसे मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए 'सर्वजन हिताय–सर्वजन सुखाय' को चरितार्थ करना है। हम साल भर पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ जनकल्याण से जुड़ी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने की मुहिम में और अधिक तीव्रता लाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में हमने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सुशासन की संस्कृति को विकसित करने का प्रयास किया है और काफी हद तक इसमें सफल भी रहे हैं।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'हरियाणा एक–हरियाणवी एक' की भावना और सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास–सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रत्येक प्रदेशवासी के कल्याण और पूरे प्रदेश की एक समान प्रगति के प्रति संकल्पित है।


## अश्विनी गुप्ता सब जूनियर बेडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत

(दिनांक 02.01.22)

**विषय: अश्विनी गुप्ता सब जूनियर बेडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में अश्विनी गुप्ता मेमोरियल नेशनल सब जूनियर बेडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सराहना की और खेल एवं युवा मामले विभाग को प्रत्येक जिले में खेलों की विशेषज्ञता के अनुसार मैपिंग करने के निर्देश ताकि आवष्यक खेल के बुनियादी ढांचे को तदनुसार विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंनं स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी को अपने ऐच्छिक कोश से 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की जूनियर अकादमी, निशानेबाजी रेंज और ऑल वैदर स्विमिंग पूल की स्थापना के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए श्री मनोहर लाल ने आष्वासन दिया कि वह इस संबंध में केंद्रीय खेल और युवा मामले मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर से बात करेंगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा तेजी से स्पोर्ट्स हब के रूप में उभर रहा है। हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक और पैरालिंपिक सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर कई बार राज्य और देश का नाम रोशन किया है। राज्य के युवा खेलों में गहरी रुचि रखते हैं। यह हरियाणा की मिट्टी की एक अनूठी विशेषता है और जब उन्हें उचित प्रशिक्षण, आवष्यक बुनियादी ढांचा और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाता है, तो वे पदक जीतते हैं।

## कोरोनो को लेकर सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक

(दिनांक 02.01.22)

**विषय: कोरोनो को लेकर सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना को लेकर सभी जिलों के DC के साथ समीक्षा बैठक की जिसमे कोरोना की तीसरी लहर की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोरोना नियमों का सभी उपायुक्त सख्ती से पालन करवांए। साथ ही सभी जिलों में ऑक्सीजन प्लांट, अस्पताल एवं आवष्यक उपकरण एवं अन्य सुविधाएं सुनिष्चित करे। इसके अलावा विदेश से यात्रा करके आने वाले यात्रियों पर पूरी निगरानी रखी जाए, जब तक यह सुनिष्चित न हो, कि उनमें किसी भी तरह के कोविड संबंधी लक्षण नहीं हों। टेस्टिंग की रिपोर्ट आने तक उन्हें होम आईसोलेट करें। मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत करवाया कि नए वेरियंट की टेस्टिगं की सुविधा महर्षि दयानन्द युनिवर्सिटी रोहतक में शुरू कर दी गई है। अब टेस्टिंग के परिणाम जल्द आने शुरू हो जाएगें। इसके अलावा अन्य स्थानों पर टेस्टिंग बढाई जा रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार कोरोना की तीसरी लहर की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। सरकार ने व्यक्तिगत स्तर पर कोविड निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर 500 रुपए तथा संस्थाओं पर 5000 रुपए का जुर्माना किए जाने का प्रावधान है। इसके साथ ही हैल्थ वर्कर एवं फ्रंट लाईन वर्कर तथा 60 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए 10 जनवरी से कोरोना प्रीकॉशन डोज लगानी आरम्भ की जाएगी। इसके अलावा 15 से 18 साल तक की आयु के बच्चों को भी 3 जनवरी से को-वैक्सिन लगानी शुरू की जाएगी।